प्रैस नोट

जिला बिलासपुर के सभी राजकीय /निजी /वरिष्ठ माध्यमिक /उच्च पाठशालाओं के मुखियाओं को सूचित किया जाता है कि शिक्षा विभाग (उच्चतर) हिमाचल प्रदेश, शिमला -1 द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल) http://scholarship.gov.in को वर्ष 2022-23 के लिए ऑनलाइन छात्रवृति आवेदन करने हेतू **दिनांक 20-07-2022** से शुरू कर दिया गया है ।

जिला के सभी स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिये जाते है कि वर्ष 2022-23 के लिए सभी राज्य प्रायोजित एवं केन्द्र प्रायोजित छात्रवृति योजनाओं के लिए पात्र छात्र/ छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 20-07-202022 **से** 31-10-2022 तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत करना सुनिश्चित करे ।

1) सभी पात्र छात्र/ छात्राओं के आवेदन पत्रों की ऑनलाइन पंजीकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को समय सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करे, इसके उपरांत उक्त कार्य हेतू तिथियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल द्वारा नहीं बढाया जायेगा । यदि किसी पात्र छात्र/ छात्रा का समय अवधि के भीतर छात्रवृति हेतू आवेदन नहीं किया गया तो इसके लिए स्कूल प्रभारी स्वयं उत्तरदायी होंगें ।

2) संस्थानों द्वारा आवेदन पत्रों की ऑनलाइन जाँच/ सत्यापन करने के उपरान्त आवेदन पत्रों की विधिवत हस्ताक्षरित मुद्रित प्रतियाँ उप शिक्षा निदेशक के कार्यालय में जमा करवाए

3) सभी प्रधानाचार्य/ मुख्याध्यापक रा0व0मा0पा0 /रा0उ0पा0/ निजी पाठशालायें जिला बिलासपुर (हि0प्र0) को निर्देश दिए जाते है कि उपरोक्त छात्रवृतिओं हेतु पात्र छात्र /छात्राओं से समय अवधि के अन्दर आनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए ।

अधिक जानकारी के लिए "नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल" http://scholarship.gov.in एवं educationhp.org पर लॉगऑन करें। छात्रवृति से सम्बंधित समस्या के लिए nsphpsml@gmail.com पर ई-मेल भेज सकते है ।

उप -निदेशक (उच्च शिक्षा)
बिलासपुर, जिला बिलासपुर (हि0प्र0

पृष्ठांकन सं० ई०डी०एन०-बी०एल०एस०-छात्रवृति (01) /2019- 26024-25 18-अगस्त-2022

प्रतिलिपियाँ निम्न को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1) जिला लोक संपर्क अधिकारी, बिलासपुर (हि०प्र०) को इस अनुरोध सहित प्रेषित है, कि वे उक्त प्रैस नोट को दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित करवाने की कृपा करें ।

2) नोडल ऑफिसर, e-Gov. IT (आंतरिक) को विभागीय वैबसाइट पर अंकित करने हेतू ।

उप -निदेशक (उच्च शिक्षा)
बिलासपुर, जिला बिलासपुर (हि0प्र0)